खबर संक्षेप

## आज 21 नवम्बर को मनाया जाएगा अपार दिवस

**मण्डला।** भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के निर्देशानुसार जिले में विद्यालयों में कक्षा 1 से कक्षा 8 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों की APAAR आईडी तैयार करने के लिए 20 एवे 21 नवम्बर को अपार दिवस मनाया जाएगा। अपार आईडी का 12 अंको का कोड विद्यार्थी के आधार नम्बर से लिंक रहेगा। अपार आईडी में विद्यार्थी की उपलबब्धियाँ जैसे परीक्षा परिमाण, समग्र रिपोर्ट कार्ड, क्रेडिट स्कोर, छात्रवृत्ति, सिखाने के परिणामों के अतिरिक्त विद्यार्थी की अन्य उपलब्धियों को डिजिटल रूप में संग्रहित किया जाएगा। कक्षा 1 से 8 तक के जिला नोडल अरविंद विश्वकर्मा, जिला परियोजना समन्वयक को नियुक्त किया गया, जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि इसके माध्यम से विद्यार्थी की शैक्षणिक प्रगति की ट्रैकिंग की जा सकेगी। अपार आईडी की सहायता से शैक्षणिक संस्थानों के बीच स्थानांतरण, कौशल विकास, नौकरी या उच्च शिक्षा के लिए आवेदन करने में सुविधा होगी। अपार आईडी का निर्माण यू-डाईस पोर्टल में SDMS अंतर्गत स्कूल स्तर पर किया जाना है, जिसके लिये अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन कर पालकों से उनकी सहमति पत्र में हस्ताक्षर कराकर अभिभावक को पहचान पत्र एवं छात्र का आधार कार्ड की प्रति शाला में जमा करना होगा जिसके उपरान्त की अपार आई डी बनाई जावेगी। जिसके निर्देश पहले से ही जिले की समस्त शासकीय/अशासकीय शालाओं में दिये जा चुके है।

### क्यों कम होता जा रहा वनों का रकबा

# वृक्षारोपण के नाम पर वन विभाग का खेल

*** आपसी सांठ-गांठ के चलते नहीं होती ईमानदारी से जांच।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/मवई

जिले का वन विभाग वनों के संरक्षण एवं संवर्धन की आड़ में न केवल वनों को उजाड़ने में लगा है बल्कि इनकी लापरवाही एवं पैसा कमाने की नीति के चलते आज वनों का रकबा यथार्थ में कम होता जा रहा है जबकि वृक्षारोपण के नाम पर लाखों-करोड़ों पौधों का रोपण तो हो रहा है लेकिन पौधों का संवर्धन सिर्फ कागजों में ही दिखाई देता है मैदान की स्थिति बड़ी ही भयावह है। वन विभाग में पारदर्शिता की कमी के चलते लोगों को न तो पूरी जानकारी हो पाती है और न ही विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा ग्रामवासियों को विश्वास में लेकर जानकारी दी जाती है। विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के बीच शासन के पैसों की बंदरबांट जगजाहिर है और यही इन्हें एक करने में बड़ी भूमिका अदा करती है।

वन विभाग को हर वर्ष एक समीक्षा रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिये जिसमें यह उल्लेख हो कि गत वर्ष में वनों की क्या स्थिति थी और इस वर्ष इसमें क्या प्रगति हुई है। क्षेत्रवार इस तरह की रिपोर्ट सार्वजनिक होनी चाहिये और इन रिपोर्टो से स्थानीय लोगों को परिचित कराना चाहिये आज जब कि तकनीक का जमाना है नई-नई के माध्यम से हम सेटेलाईट ईमेज से देख पाते हैं कि भौगोलिक स्थितियाँ क्या है वन विभाग को भी ऐसे ही सेटेलाईट क्षेत्र की तस्वीरें विभिन्न क्षेत्रों की जहां विभाग द्वारा वनों को बढ़ाने की कवायद चल रही है



सार्वजनिक की जानी चाहिये ताकि संशय की कोई जगह न रहे और लोग वन विभाग की कार्यवाही से पूरी तरह परिचित हो सकें।

जिले के वनांचल क्षेत्र कहे जाने वाले मवई क्षेत्र से अब वन गायब हो रहे है वन क्षेत्र में अलग अलग विभागों के माध्यम से हुए विगत 2 से 3 वर्षों में वृक्षारोपण को देखा जाए तो पानी की तरह शासन ने रुपए खर्च किए है। उन पौधों को अगर देखा जाए तो अधिकतम 5 से 10 प्रतिशत ही सहेजे गए होंगे अन्य 90 प्रतिशत से ज्यादा पौधे सिर्फ फाइलों और कागज में ही दिख रहे ये बहुत बड़ा जांच का विषय है हर साल लाखों करोड़ों वृक्षा रोपण के नाम से खर्च तो कर दिए जाते है किंतु परिणाम शून्य होता है।

इसी प्रकार वन्य विभाग द्वारा भी मवई वन परिक्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में लाखों करोड़ों की लागत से वनों को सहजने की मंशा बता कर वृक्षारोपण कार्य कराया जाता है जो केवल कागजों तक ही सीमित होता है वास्तविकता से इन वृक्षारोपण का कोई संबंध नहीं होता अभी हाल ही में वन परिक्षेत्र (सामान्य) विभाग द्वारा जनपद मुख्यालय से लगे सारसडोली बीट के अंतर्गत कक्ष क्रमांक 1179 में वर्ष 2023-2024 में बिगड़े वनों के सुधार के लिए वृक्षारोपण के नाम से आला अधिकारियों की मिलीभगत से शासन को लाखों का चुना लगा दिया गया और किसी को कानों कान भनक तक न पड़ी जानकारी अनुसार कार्य आयोजना का क्रियान्वयन अंतर्गत बिगड़े वनों के सुधार वृक्ष रोपड़ मद से 18 हेक्टेयर भूमि मैं लगभग 12 लाख रुपए की लागत से लगभग 9 हजार पौधों का वृक्षारोपण कार्य कराया गया है किंतु वास्तविक स्थिति इसके विपरीत वस्तु स्थिति लागत अनुसार 50 प्रतिशत कार्य नहीं दिख रहा है शासन का इतना पैसा खर्च होने के बाद भी पौधा रोपित क्षेत्र में हरियाली नहीं दिख रही है जिन जगह पौधा रोपण होना बताया जा रहा स्वीकृत पौधों की संख्या से आधे पौधे भी मौके पर नहीं दिख रहे क्षेत्रीय जनों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि विभाग से पृथक इस भ्रष्टाचार की जांच करवाकर दोषियों पर कार्यवाही की जानी चाहिये।



### जांच दल से सांठ-गांठ के चलते बचाया जाता आरोपियों को

वन विभाग की लापरवाही की शिकायत यदि हो या अखबारों में समाचार प्रकाशित हो तो आलाअधिकारी भी मवई में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों को बचाने में लग जाते हैं दिखावे के लिए जिला कार्यलय द्वारा जांच दल तो गठित कर दिया जाता है किंतु उक्त दल द्वारा आरोपियों से सांठ-गांठ कर कभी जांच की वास्तविक रिपोर्ट नहीं सामने आ पाती ऐसा काफी समय से लगातार जारी है 100 में से 5 प्रतिशत अनदेखी या लापरवाही की रिपोर्ट बनाकर जिम्मेदारो को बचाया जाता है।

### सूचना पटल में अधूरी जानकारी

किसी भी शासकीय कार्य में पहले सूचना पटल लगाया जाता है जिसमें कार्य संबंधित सम्पूर्ण जानकारी अंकित होनी रहती किंतु इस पौधा रोपण के सूचना पटल से आधी जानकारी गायब है विभाग के द्वारा सूचना पटल मैं सिर्फ कक्ष क्रमांक और प्रस्तावित क्षेत्र ही दर्शाया गया है। जबकि सूचना पटल में न तो राशि की जानकारी दर्शायी गई है और ना ही पौधों की संख्या समेत मद आदि किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं लिखी गई है।

## वैश्य महासम्मेलन की बैठक 22 नवंबर को

**मण्डला।** वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष नितिन राय ने बताया आगामी 22 नवंबर को जिला मुख्यालय के उत्सव होटल कटरा में वैश्य महासम्मेलन की संभागीय बैठक आयोजित की गई है। जिसमें प्रदेश महामंत्री संदेश जैन, सत्यनारायण अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तपेश असाटी एवं विशाल कोठरी, संभागीय अध्यक्ष जबलपुर संजय साहू, मंडला जिला प्रभारी सुनील अग्रवाल, बालाघाट जिला अध्यक्ष संदीप नेमा, जिला बालाघाट प्रभारी सुभाष गुप्ता के समस्त सदस्य, पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। मण्डला और बालाघाट जिला के संभागीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बताया विगत दिवस प्रदेश कार्यालय की अनुशंसा से रंजीत कछवाहा को मण्डला एवं बालाघाट जिला का संभागीय महामंत्री और अखिलेश सोनी को मण्डला तहसील अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों की जो नई नियुक्ति हुई है। उनको सम्मानित किया जाना है। सभी आजीवन सदस्यों से आग्रह किया है उपरोक्त बैठक में अनिवार्य रूप से अपना अमूल्य समय दें। क्योंकि, प्रत्येक संगठन में उसका संख्याबल और सक्रियता सबसे अहम होती है। इसलिए इस संभागीय बैठक के पश्चात मण्डला और बालाघाट जिला की सभी तहसील में आगामी माह दिसंबर में तहसील स्तर पर सम्मेलन कर तहसील कार्यकारिणी का गठन किए जाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता ने जोर देकर आग्रह किया है। वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई अध्यक्ष अनीता गोयल और युवा अध्यक्ष सोमिल रावत ने कहा वैश्य महासम्मेलन मण्डला द्वारा 22 नवंबर को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित इस संभागीय बैठक में सभी इकाई प्रमुख अपने सदस्यों और पदाधिकारियों को उपस्थित होने अपील की है।

## कलेक्टर ने ली सामाजिक समितियों के अध्यक्षों की बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में सामाजिक समिति के अध्यक्षों के साथ माहिष्मती घाट में पंचचौकी महाआरती के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि सामाजिक समितियाँ माह में एक-एक दिन निर्धारित करते हुए पं च चौ की महाआरती को सुचारू रूप से संपन्न कराएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, परियोजना अधिकारी श्री कपिल तिवारी सहित जिले के सामाजिक समितियों के अध्यक्षगण तथा संस्था प्रमुख उपस्थित थे।

## सहकारिता कर्मचारियों के चुनाव हुए संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 20-11.2024 को जिला मण्डला सहकारिता कर्मचारी संघ का निर्वाचन समिति कहरपुर महाराजपुर के प्रांगण में समय 12:00 से प्रारंभ किया गया सर्वप्रथम मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया कोरम पूर्ति के अभाव में आम सभा निरस्त कर 30 मिनट पश्चात दोबारा प्रारंभ की गई कोरम पूर्ति होने के बाद चुनाव की प्रक्रिया चालू की गई दो लोगों के द्वारा फॉर्म भरा गया जिसमें सुनील जैन निवासी महाराजपुर को 85 बोर्ड मिले वही कृष्ण कुमार ठाकुर को 38 बोर्ड मिले सुनील जैन जिला अध्यक्ष चुने गए इस मौके पर बड़ी संख्या में सहकारिता कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अभाविप नैनपुर ने मनाया नारी शक्ति दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नैनपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाविद्यालय इकाई नैनपुर द्वारा रानी लक्ष्मीबाई जी की जयंती पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नैनपुर एसडीओपी सुश्री नेहा पच्चीसीया, महाविद्यालय प्राध्यापक एम ए समाज शास्त्र राहुल विश्वकर्मा, मुख्य वक्ता कु. उर्मिला पूसाम उपस्थित रही। विद्यार्थी परिषद स्थापना काल से ही राष्ट्र सर्वोपरी की भावना के साथ कार्य कर रहा है। विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नारी सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित करता है, नारियों पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध भी खुल कर लड़ाई लड़ने वाला छात्र संगठन अभाविप है। इसी कड़ी में वर्ष 2018 से छात्राओं को भयमुक्त कर, किसी भी परिस्थिति से लड़ने के लिए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने हेतु एक राष्ट्रव्यापी अभियान मिशन साहसी प्रारंभ किया गया,मिशन साहसी के माध्यम से अभाविप ने न केवल महिलाओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया है, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से भी तैयार किया है ताकि वे किसी भी तरह की हिंसा या अपराध का सामना कर सकें।

मुख्य अतिथि नेहा पच्चीसीया ने कहा कि नारी सशक्त बनकर हर परिस्थिति का सामना करे, अच्छी शिक्षा प्राप्त करके योग्य बने और समाज में अपनी एक अगल पहचान बनाकर रानी लक्ष्मीबाई जैसे नए कीर्तिमान स्थापित करे। भारत की नारी कभी कमजोर नहीं हो सकती और वर्तमान में यह सभी चीजें शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। नारी को अपने जीवन के किसी भी कठिन समय में घबराना नहीं है वर्तमान में नए नए आयाम रच कर नारी खुद को आगे बढ़ा सकती हैं बहुत से प्रकल्प महिलाओं के लिए खाली हैं। सभी महिलाओं को अपने परिवार को साथ लेकर जीवन में कुछ नया करना चाहिए।

प्राध्यापक राहुल विश्वकर्मा ने बताया कि इस तरह संगोष्ठी कार्यक्रमों से युवा महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा करने में मदद मिलती है तथा उनके पास कौशल विकसित होता है जिससे वह हर परिस्थिति का डटकर सामना करने के लिए तत्पर रहती हैं।

मुख्य वक्ता अभाविप महाविद्यालय मंत्री उर्मिला पूसाम ने कहा कि विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम रानी लक्ष्मीबाई जी की जयंती पर किया गया।महिला सशक्तिकरण के लिए भी अभाविप कई तरह के प्रयास कर रहा है जिस कड़ी में मिशन साहसी अभियान साल 2018 में विद्यार्थी परिषद द्वारा शुरू किया गया। देशभर के शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ाई करने वाली छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देकर सशक्त करने का व्यापक कार्य इस अभियान से शुरू हुआ आगे उन्होंने कहा कि आशा है कि सभी छात्राएं सशक्त बनकर सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करेंगी। विद्यार्थी परिषद अपनी भूमिका से महिलाओं की सशक्त, भयमुक्त और बराबरी के लिए संकल्पित है। अंत में वंदे मातरम गीत के पश्चात कार्यक्रम का विधि वत समापन किया गया।

**भ्रमण** | **मध्यप्रदेश में शैक्षणिक दौरे के अंतर्गत देखी पार्क की व्यवस्थायें।**

# स्लोवाकिया का छात्र दल पहुंचा कान्हा टाइगर रिजर्व

*** उत्कृष्ट संरक्षण एवं प्रबंधन को जाना एवं समझा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश के विख्यात कान्हा टाइगर रिजर्व को उसकी उत्कृष्ट संरक्षण और प्रबंधन नीतियों के लिए राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त है। इसी से प्रेरित होकर यूरोप के स्लोवाकिया देश से प्रतिभाशाली छात्रों का एक दल शैक्षणिक प्रवास के लिए 19 से 23 नवंबर तक कान्हा भेजा गया है।





स्लोवाकिया के प्रतिष्ठित बीएआरएस IV प्रतियोगिता के विजेताओं का एक छात्र दल कान्हा टाइगर रिजर्व, मध्यप्रदेश के शैक्षणिक दौरे पर आया है। स्लोवाक एकेडमी ऑफ साइंसेज और स्लोवाक शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित यह पहल 1993 से युवाओं में वन पुनर्स्थापना और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित हो रही है। इन छात्रों ने स्लोवाकिया में 15,000 से अधिक स्थानीय पेड़ लगाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया हैं।

इस दल में श्री मार्टिन पिस्टोव्वाक (वर्ल्ड केमिस्ट्री ओलंपियाड विजेता), मार्टिन रोमन, जकुब हलादिक, टोमस कुल्बा, मातुश मिकुलेक और सुश्री नेला श्लॉसरोवा शामिल हैं। इनके साथ बीएआरएस-IV परियोजना के संचालक श्री पीटर व्रसांस्की भी हैं। कान्हा टाइगर रिजर्व में उनकी यात्रा की शुरुआत क्षेत्र संचालक पुनीत गोयल, भा.व.से., उप संचालक (बफर) सुश्री अमीथा के बी. भा.व.से. द्वारा परिचयात्मक सत्र के साथ हुई, जिसमें कान्हा के इतिहास, प्रबंधन और संरक्षण रणनीतियों पर जानकारी दी गई। साथ ही, प्रोएक्टिव मॅनेजमेंट की पुस्तक प्रदाय कर स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान, छात्र दल ने स्लोवाकिया के राष्ट्रीय वाद्य यंत्र 'फुजारा' को कान्हा प्रबंधन को स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया।

प्रवास के दौरान छात्रोंको शाकाहारी जीवों की निगरानी तकनीक, वन्यजीव स्थानांतरण प्रक्रिया, और घोरेला में टाइगर रिवाइल्डिंग सेंटर का दौरा शामिल है। वे घास के मैदान प्रबंधन, रहवास विकास, बारहसिंगा संरक्षण कार्यक्रम और इको-डेवलपमेंट कमेटियों की भूमिका के बारे में भी जानेंगे। प्रकृति पथ, वन्यजीव सफारी, बफर जोन में सफारी और इंटरप्रिटेशन सेंटर का दौरा उनके अनुभव को और समृद्ध बनाएगा। इसके अलावा, अग्रिम पंक्ति के वन अंमले और अधिकारियों के साथ संवाद से संरक्षण क्षेत्र की चुनौतियों और उपलब्धियों को समझने में मदद मिलेगी।

यह दौरा अंतरराष्ट्रीय सहयोग का एक अनूठा उदाहरण है, जो पर्यावरण संरक्षण की भावना और भारत की प्राकृतिक धरोहर की गहरी सराहना को बढ़ावा देता है। कान्हा प्रबंधन यह सुनिश्चित कर रहा है कि स्लोवाक दल के लिए यह अनुभव अर्थपूर्ण और ज्ञानवर्धक हो।

## आरोपी से जप्त किया 620 ग्राम मादक पदार्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत पुलिस अधीक्षक मण्डला के निर्देशन में सभी थाना एवं चौकी प्रभारी द्वारा अवैध रूप से बिक्री एवं तस्करी कर रहे व्यक्तियों के संबंध सूचना प्राप्त कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य मे बिछिया पुलिस द्वारा दिनांक 19.11.2024 को मुखबीर की सूचना प्राप्त होने पर सूचना से अनु.वि.अधिकारी बिछिया को अवगत कराते हुए कार्यवाही की गई, कार्यवाही में आरोपी मयूर नंदा पिता प्रतुल नंदा उम्र 28 साल निवासी पठानी मोहल्ला बिछिया के कब्जे से कुल 620 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गाँजा कीमती करीब 6000 रूपये का



जब्त किया गया, आरोपी के विरूद्ध थाना बिछिया में एनडीपीएस की धारा 8/20 के तहत अपराध क्र. 445/2024 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। आरोपी से मादक पादर्थ (गांजा)के संबंध में पूछताछ कर मामले मे विवेचना जारी है, उक्त कार्यवाही मे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मण्डला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिछिया निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह धुर्वे, सहायक उप निरीक्षक सुरेश विजवर, उपेंद्र यादव, प्रधान आरक्षक विवेक दुबे, आरक्षक अरविंद बर्मन, हेमंत शिव, महेंद्र, संजय कटरे, नानसाय म.आर. सुलोचना की विशेष भूमिका रहीं।

**खबर संक्षेप**

## नगर के वार्ड व कालोनियों में खाली पडे.प्लाटों में एकत्र हो रही गंदगी से परेशान, मच्छर ले रहे जन्म



गाडरवारा। नगर के अंदर धनपतियों द्वारा अपने पैसों की दम पर जहां तहां प्लाट तो खरीद लिये गये है। मगर इसके बाद उन पर किसी भी प्रकार को निर्माण नही होने के कारण अब वह खाली पड़े हुये प्लांट आमजन के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक रहे है? बताया जाता है कि इन प्लाटों की न तो किसी भी प्रकार से कोई सुरक्षा की जा रही है और नही उन का उपयोग होने की स्थिति में यह खाली पड़े हुये प्लांटों पर जिस तरह गंदा पानी व कचरा एकत्र हो रहा है उसके चलते कालोनी में निवास करने वाले लोगों का सांस लेना भी दूभर होते हुये देखने जाने के साथ अनेक प्रकार की बीमारियाँ फैलाने वाले मच्छर जन्म लेने से नही चूक रहे है? इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा समय समय पर उजागर किये जाने के बाद भी इस ओर न तो प्लाटों के मालिकों द्वारा किसी भी प्रकार का कोई ध्यान दिया गया है और न ही जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जिसका परिणाम है कि नगर में अनेक कालोनिया गंदगी से बज बजाते हुये देखी जा रही है? यह सच्चाई नगर की अनेक कालोनियों में भी देखने मिल रही है जहां पर खाली पड़ी हुई जगह पर लोगों के घरों से निकलने वाला गंदा पानी भरा होने के कारण अनेक प्रकार के मच्छर सहित जहरीले जींव जन्तु जन्म ले रहे है। वही दूसरी ओर इन खाली पड़े हुये प्लाटो में लोगों के घरों से निकलने वाला कचरा होने के बाद उसे उठाये नही जाने के कारण उससे निकलने वाली दुर्गन्ध से लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। कभी कभी स्थिति तो इस प्रकार से देखने मिलती है कि खाली जगह पर अधिक पानी एकत्र हो जाने के कारण यह गंदा पानी लोगों के घरों में घुसने से भी नही बच पाता है। इस संबंध में वार्ड के के लोगों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि इस परेशानी को लेकर हमारे द्वारा अनेकों बार जिम्मेदारों को अवगत कराया जा चुका है। मगर अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई है। इस तरह खाली जगहों पर एकत्र हो रहे गंदे पानी के कारण लोगों का अपने घरों से निकलने की बात तो दूर घर के अंदर भी सांस लेना मुश्किल होने से गंदगी के बीच जिन्दगी काटते हुये देखे जा रहे है। जबकि नियम के अनुसार यदि कोई व्यक्ति किसी जगह पर कोई जमीन व प्लाट खरीदता है तो उसके रख रखाब से लेकर सुरक्षा की जिम्मेदारी प्लाट मालिक की होती है कोई जगह शासकीय होती है तो उसकी जिम्मेदार संबंधित विभाग की होती है। मगर यहां पर खाली पड़ी हुई जगह जिस प्रकार से गंदगी से सराबोर हो रही उस ओर न तो उसके मालिकों द्वारा किसी तरह से ध्यान दिया जा रहा है और नही प्रशासन के अधिकारियों द्वारा जिसके चलते कालोनी के लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

# घर से गायब किशोर को पुलिस ने मात्र चार घंटे में खोजकर सौंपा परिजनों को



गाडरवारा। नगर व क्षेत्र में आये दिन नाबांलिग बच्चों के गायब होने की खबरों के बाद पुलिस द्वारा उन्हें खोजने में भी सफल हो जाती है। मगर इस बात का खुलासा कभी होते हुये नही देखा गया है कि आखिरकार इन बच्चों को लेकर कौन जाता है और यह घर से गायब होने के बाद या तो रेल्वे स्टेशन पर मिल जाते है या फिर अन्य किसी दूसरे शहर में प्राप्त होते है। सबाल यह पैदा हो रहा है कि आखिरकार यह छोटे छोटे बच्चे इतनी दूर कैसे पहुंच जाते है..? निश्चित तौर से इन मासूमों को ले जाने वाला कोई न कोई तो होता होगा..? इस बात की सच्चाई पुलिस द्वारा प्राप्त की जाने वाली सफलताओं के खुलासों से गायब रहती है। क्योंकि पुलिस द्वारा अपने खुलासों में इन मासूमों को ले जाने वालों के नाम उजागर होने लगे तो निश्चित तौर इस तरह बच्चों के गायब होने की घटनाओं पर अंकुश लग सकता है तो दूसरी ओर इस तरह के लोगों पर आम जनता भी पैनी नजर रखने से नही चूक पायेगी? कुछ इसी तरह से बीते हुये दिवस भी पुलिस द्वारा अपने घर से गायब हुये 11 वार्षिय किशोर को चार घंटे के अंदर रेल्वे स्टेशन के पास से खोजने में सफलता हासिल करते हुये उसके परिवाजनों को सौपा दिया गया है। बताया जाता है कि जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के द्वारा अपहत नाबालिग बालक/बालिकाओं की पतासाजी कर दस्तयाब करने हेतु ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में एवं निरीक्षक प्रियंका केवट के नेतृत्व में 11 वर्षीय नाबालिक बालक के गुम होने की सूचना के 04 घंटों में दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में पुलिस द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि प्रार्थी द्वारा 19 नवंबर की शाम करीबन 8 बजे थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुये बताया कि उसका 11 वर्षीय बालक बिना बताए कहीं चला गया है। आस-पास एवं अन्य रिश्तेदारों के यहां बहुत तलाश करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला है। वही शिकायत कर्ता द्वारा आशंका व्यक्त की गई कि उसका नाबालिक लड़के को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस तरह प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया था। वही जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में अलग अलग टीमों का गठन किया गया जिसमें निरीक्षक प्रियंका केवट के साथ उप निरीक्षक नीलेश ,सहायक उप निरीक्षक राजेश शर्मा, प्रधान आरक्षक भास्कर पटैल, वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, अखिलेश पटैल, आरक्षक दिनेश पटैल,शिवम गुर्जर को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा नगर में लगे सी.सी.टी.व्ही. फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया गया एवं स्थानीय स्तर पर पतासाजी उपराँत आवश्यक जानकारी प्राप्त की गयी एवं क्षेत्रीय मुखबिरों को सक्रीय किया गया। जिसके परिणामस्वरूप पुलिस टीम को पुलिस टीम को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त अपहृत बालक रेल्वे स्टेशन गाडरवारा में हैं। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल पुलिस टीम द्वारा रेल्वे स्टेशन गाडरवारा पहुँचकर 11 वर्षीय अपहृत बालक को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त करते हुये परिजनों को सौपा गया।

## रामकथा के चलते कान्हरगांववासी लीन हुई भगवान की भक्ति में, मानव को रामजी से मिलाने वाली होती है रामकथा- वीरेन्द्र शास्त्री





गाडरवारा। *समीपस्थ ग्राम कान्हरगांव के साई धामं मंदिर समिति द्वारा 7 दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा के अयोध्या कांड कि कथा का आयोजन किया जा रहा है।। इस रामकथा आयोजन के प्रथम दिवस कथा व्यास पंडित बीरेन्द्र शास्त्री महाराज ने भगवान रामजी की लीलाओं का वर्णन सुनाते हुये बताया कि राम का नाम अविनाशी है। दुनिया इधर से उधर हो जाए, सब कुछ बदल जाए पर यह राम नाम ज्यों का त्यों यूं ही सदा बना रहेगा। दुनिया में सब कुछ पुराना हो जाएं मगर कथा कभी पुरानी नहीं होती।। राम नाम की महिमा कभी भी कम नहीं होगी, बल्कि दिन-प्रतिदिन इसकी महिमा बढ़ते ही जाएगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि राम की महिमा अपरंपार है। प्रभु श्रीराम स्वयं कह गए राम से बड़ा राम का नाम है। जो बात स्वयं राम कह गए वो कैसे गलत हो सकती है। जीवन का आधार ही राम नाम है। हर जगह राम नाम की महिमा का गुणगान है। राम सिर्फ एक नाम नहीं है। राम नाम सबसे बड़ा मंत्र है। राम नाम की महिमा तो ये है की सदाशिव भोले शंकर भी राम नाम जपते रहते हैं। इसी नाम का वो हर प्रहर जाप करते रहते हैं। संसार चल ही राम नाम से रहा है। सूर्य, चन्द्रमा, अग्नि, वायु सभी में जो शक्ति है वह राम नाम में समाहित है। क्योंकि इस कलयुग में मानव जीवन की नैया पार लगाने का एक मात्र रामनाम ही आधार है। क्योंकि भगवान राम खुद ही अपने परम प्रिय भक्त अनुमानजी को इस कलयुग काल के दौरान रामनाम के प्रकाश को फैलाने की बात कहते हुये इस पृथ्वी लोक पर निवास करने वाले मानव जीवन को रामनाम के आधार पर सफल बनाने के लिये छोड़कर गये है। इस तरह भगवान श्रीराम कथा के आयोजन में प्रतिदिन भक्तों की भीडङ उमड़ते हुये देखी जा रही है।*

## न्यायालय में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बिजली विभाग के साथ की गई बैठक



गाडरवारा। माननीय म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मा. कमल जोशी के निर्देशन में एवं तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा के अध्यक्ष मा. मनीष कुमार श्रीवास्तव, प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में आने वाले माह यानि की 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में बीते हुये दिवस ए.डी.आर सेंटर में विद्युत विभाग के अधिकारी आशुतोष ओझा डी ई, भूपाल सिंह उईके जे ई सिहोरा, मनीष कुमार बकोडे जेई सालीचौका, सुबोध कुमार सिंह जेई गाडरवारा, आशीष पटैल जेई चीचली, राकेश सिंह जेई कोडिया, मंगल सिंह विश्वकर्मा, पीके धुर्वे सांईखेडा, व्ही के सोनी एई गाडरवारा व शुभम मेहरा एई गाडरवारा व बसंत तपा अधिवक्ताओं की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखे जाने एवं अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण समझौते के आधार पर करवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं साथ ही विद्युत विभाग द्वारा दी जा रही छूट के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने, अधिक से अधिक सूचना पत्र जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। न्यायाधीश एवं तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा के जिला अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव ने गाडरवारा तहसील के निवासियों से अपेक्षा जताई है कि यदि उनके मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति मामले, चैक बाउंस से संबंधित, बिजली से संबंधित, पारिवारिक विवाद, राजीनामा योग्य धाराओं वाले आपराधिक प्रकरण गाडरवारा न्यायालय में विचाराधीन है और यदि वे राजीनामा के माध्यम से अपना प्रकरण आगामी नेशनल लोक अदालत में सुलह समझौते के माध्यम से निराकृत कराना चाहते हैं तो वे समझौता वार्ता हेतु न्यायालय में यथाशीघ्र आवेदन प्रस्तुत करें जिससे उनका निपटरा हो सके।

## हाई स्कूल सिहोरा में गांधी सदन का हुआ आयोजन



सिहोरा/बोहानी। निश्चित तौर से बच्चों को स्कूलों में अपनी पढ़ाई के साथ साथ अन्य दूसरे प्रकार की गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध कराना भी उनके जीवन के लिये जरूरी मानी जाती है। इसी के चलते बीते हुये दिवस सिहोरा हाई स्कूल में गांधी सदन का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि हाई स्कूल सिहोरा में आयोजित शैक्षिक संवाद के तारतम्य में स्कूल प्राचार्य द्वारा बनाएं गए महात्मा गांधी सदन से कक्षा 12 की छात्र/छात्राओं द्वारा मोटिवेशन प्रेरक संवाद सुनाए गए एवं देश की महान विभूतियों में शामिल महात्मा गांधी जी के जीवन से लिए गए प्रेरक विभिन्न उपदेशों को सुनाया गया। इस दौरान छात्राओं द्वारा कहे गए प्रेरक उपदेशों की व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य अल्फ्रेड उइके के निर्देशानुसार प्रतिदिन सदन की टीमों का परिचय कराते हुए शानदार संगीतमय प्रार्थना जारी है। वही विधि कक्षा 12 वी से करीना शर्मा, अंजली शर्मा द्वारा संचालित कराई गई। इसके साथ ही भारतीय संस्कृति की अमिट निशानी हिंदी पंचांग खुशबू पटेल ने एवं प्रमुख समाचार अंजू लोधी द्वारा तो शपथ और यातायात के नियमों का पालन करने पर जोर देते हुये प्रस्तुति कु.श्रद्धा द्वारा दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम संचालन मयूरी साहू, सना खान, कौशल्या वर्मा, शरद बरसैया, सतीश चौधरी, मनीष कोरी,शैलेंद्र साहू, आर के गर्ग, जी एस चंदोलिया, सतीश कौरव, उमाशंकर शर्मा, पुनर्नज्योति, सुष्मिता सराठे, मोनिका पटेल, मनीष व सूर्यकांत श्रीवास्तव ने सभी शिक्षकों से चर्चा कर इस नवागत प्रयास अच्छी पहल को लेकर जनशिक्षक सतीश शर्मा, जितेंद्र कौरव ने सभी कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों से विस्तृत चर्चा की गई। वहीं कक्षा 6 से 8 वाले शिक्षकों से कौरव सर ख़ान सर ने चर्चा करते हुए बच्चों से प्रश्न पूछने के उद्देश्य पर बताया गया कि इससे आत्मनिर्भरता और पारस्परिक सामाजिक समरसता का भाव पैदा होता है। इन बिंदुओं पर सारगर्भित चर्चा की गई जिनमें कक्षा 12 वी से कु. मुस्कान कुशवाहा, तरुणा शर्मा, चंद्र कुमारी शर्मा, सपना शर्मा, प्रतीक्षा कौरव, कामती लोधी, दीप्ति शर्मा, कौशल्या वर्मा मयूरी साहू सना खान,ने सदन का संचालन किया गया।

## कांक्रीट मेटेरियल के दाम बढ़ने से हितग्राही परेशान

मनकवारा। जिस प्रकार से केन्द्र सरकार द्वारा गरीबों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की गई थी जिससे निश्चित ही उन गरीबों के चेहरों पर मुस्कान आते हुए देखी जा रही थी जो कभी सपने में अपने कच्चे मकानों को तोड़कर पक्के बनाने की सोच भी नही सकते थें। मगर इस योजना ने कच्चे आवासों में रहने वाले गरीबों को जो रहात प्रदान की गई है निश्चित ही उल्लेखनीय मानी जा रही है। मगर जब इस योजना की शुरूआत हुई थी उस समय भवन निर्माण करने वाली हर सामग्री की कीमत उतनी नही थी जो वर्तमान में चल रही है। मगर लगातार बढ़ रही महंगाई के दौरान में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्धारित की गई राशि से वर्तमान समय में गरीबों को अपने आवासों का निर्माण कर पाना मुश्किल दिखाई देने लगा है। इस समय देखा जावे तो शहरो से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आने वाल हितग्राहियों के आवासों का निर्माण कार्य चल रहा है और हितग्राही इस काम के लिए मिली राशि से बारिश का मौसम आने के पहले अपने आशियानो का निर्माण करने के लिए उतावले होते हुए देखे जा रहे है

# हरियाणा बालिका व बालक वर्ग के फाईनल मुकाबले में बाजी मारते हुये बनी विजेता

### पांच दिवसीय राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ समापन, मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के खेल मंत्री सारंग हुये शामिल, नगर में स्टेडियम निर्माण के लिये दी गई मंजूरी




गाडरवारा

खेल हमें जीवन में हार और जीत को समान भाव से स्वीकारने और खेल भावना से जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हैं। किसी गांव, कस्बे, शहर की पहचान वहां के खेल, खिलाड़ी और मैदान से होती है, किसी खेल में कौन जीता, कौन हारा यह महत्वपूर्ण नहीं होता है। बल्कि खिलाड़ी खेल के मैदान में उतरा है, यह महत्वपूर्ण होता है। यह नगर में पांच दिवसीय शालेय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हुये प्रदेश के सहकारिता एवं खेल व युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने समापन समारोह को संबोधित करते हुये कहा। नगर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की इस खेल प्रतियोगिता का बीते हुये बुधवार को रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। इस दौरान स्थानीय विधायक एवं प्रदेश के परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी मंचासीन थे। आगे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सारंग ने कहा कि कौन कितना बड़ा खिलाड़ी बनेगा, यह दावा तो मैं नहीं कर सकता, मगर जो खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुआ है, वह उतना ही अच्छा नागरिक बनेगा, यह दावा कर सकता हूं। खेल हमें नियमों से चलना एवं मर्यादा का पालन करना सीखाते हैं। जीवन में भी खेल भावना अहमियत रखती है। नियम कानून की मर्यादा में रहते हुए कैसे धैर्य के साथ अपने विरोधी को हराया जाता यही एक खिलाड़ी की पहचान होती है। गाडरवारा में आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उच्चतम स्तर की खेल भावना का प्रदर्शन किया है। यह अनुशासित जीवन शैली को बढ़ावा देता है। इस दौरान खेल मंडी सारंग द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से जुड़ा एक किस्सा भी कार्यक्रम में साझा करते हुये उन्होंने बताया कि एक बार कुछ लोग उनके पास सन्यास लेने आये। स्वामी विवेकानंद ने उनसे कहा कि अगर देश के लिए कुछ करना हो, तो अपने शरीर, मन एवं मस्तिष्क को विकसित करें। देश खुद- ब- खुद अच्छा बन जायेगा। युवा खेलों को अपने जीवन में अपनायेंगे तभी उनका शारीरिक व मानसिक विकास होगा। मंत्री सारंग ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के खेलों को नई पहचान मिली है। खेलो इंडिया के माध्यम से देश भर में खेल की उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का प्रयास हुआ है। खेलों के उन्नयन के लिए प्रदेश सरकार ने भी अहम कदम उठाये हैं। खेलों के विस्तार के साथ- साथ खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय तकनीक एवं सुविधायें दी जा रही है। मध्यप्रदेश में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं से कई उत्कृष्ट खिलाड़ी मिलेंगे, जो आने वाले समय में भारत का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर सकेंगे। खेल मंत्री सारंग ने गाडरवारा शहर में स्टेडियम निर्माण किये जाने की घोषणा की। साथ ही गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र में 10 फिट इंडिया क्लब खोले जाने की भी स्वीकृति दी। ज्ञात हो कि नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा राजू भैया व खेल मंत्री विश्वास सारंग युवामोर्चा के समय से एक दूसरे के अच्छे मित्र बताये जाते है। इस बात की सच्चाई को उदाहरण मंत्री सारंग द्वारा अपने संबोधन के दौरान पेश करते हुये कहा कि मेरा राजू बन गया जेन्टलमेंट..। वही समापन समारोह के दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुये क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा तथा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा अपना स्वागत भाषण देते हुए कहा कि गाडरवारा में 5 दिन तक यह प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता आरंभ होने के पहले से और प्रतियोगिता के समापन होने तक गाडरवारा नगरवासियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवी संगठनों, समाजसेवियों, युवाओं, बच्चों, बुजुर्गों, मीडिया प्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता निभाई वही निश्चित ही उल्लेखनीय है। क्योंकि किसी भी आयोजन को सफल तभी बनाया जा सकता है जब हर वर्ग के लोगों का सहयोग प्राप्त होता है। इस प्रतियोगिता में गाडरवारा नगर के सभी वर्ग के लोगों ने अपनी ओर से पूरा सहयोग प्रदान करते हुये आयोजन की सफलता में चार चांद लगाने में कोई कसर नही छोड़ी है। उन्होंने ने मंच से कहा कि कल रात्रि जब मैं प्रतियोगता में शामिल होने के लिये आये हुये बच्चों की भोजन शाला में जाकर खिलाड़ियों से मिला, तो वहां पर भोजन कर रहे खिलाड़ियों ने बताया कि उनकी इच्छा गाडरवारा घूमने की थी। इस इच्छा के चलते नगर के ऑटो चालक ने उन्हें घुमाया और इसके बदले उसने पैसे नहीं लिये। मैं यह सुनकर काफी प्रसन्न हुआ की आटों चालक दिन भर अपना आटो चलाते हुये परिवार चलाता है। मगर इस नगर में मेहमान बनकर आये हुये बच्चों के प्रति उसने अपना सहयोग प्रदान करते हुये नगर को एक अलग पहचान दे डाली है। आज इस आयोजन का समापन जरूर हो रहा है। मगर हमारे नगर में मेहमान बनकर आये हुये देश के कौन कौन के बच्चे एथलीट यहां से अच्छी यादें और राष्ट्रीय एकता की भावना लेकर लौटेगें। आपसे सहयोग से ऐसी कई प्रतियोगितायें हमें यहां देखने को मिलती रहेंगी। इस दौरान उन्होंने गाडरवारा शहर में स्टेडियम निर्माण की बात भी मंच से खेल मंत्री सारंग के समक्ष रखी। इसी प्रकार से समापन समारोह को पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें याद नहीं कि पहले कभी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन गाडरवारा में हुआ हो। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न हिस्सों से खिलाड़ी आये। कुछ जीतें हैं, कुछ हारे हैं। हारने पर निराश होने की आवश्यकता नहीं है। कठिन परिश्रम करें, अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए डटे रहें। आप निश्चित ही विजयी होंगे। वही कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर हुई। पुलिस बैंड, विद्यालयीन छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी हुई। समाजसेवी हंसराज मालपानी द्वारा विजेता टीमों के खिलाड़ियों के लिए एक छोटे से डिब्बे में नगर की दाल भेंट की गई। इस समापन समारोह के दौरान मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष नरसिंहपुर नीरज दुबे, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, पूर्व विधायक नरेश पाठक व श्रीमती साधना स्थापक, वीरेन्द्र फौजदार, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मिनेन्द्र डागा, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रियांक जैन, जिला पंचायत सदस्य डा योगेश कौरव, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह सहित अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार, एजजीएफआई के फील्ड ऑफीसर अजय सिंह चंदेल, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी कलावती व्यारे, तहसीलदार प्रियंका नेताम के आलवा खिलाड़ी, कोच, रैफरी, ऑफिशियल्स, खेल प्रेमी, सामाजिक संगठन, युवा, स्कूली छात्र-छात्रायें एवं बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में बालक व बालिका वर्ग में हरियाणा ने बाजी मारते हुये अपना जीत का परचम लहराये जाने पर दोनों चैम्पियन टीमों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित। ज्ञात हो कि पांच दिवसीय 17 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में 68 वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के अंतिम दिन बुधवार को फाइन मैच खेला गया। फाइनल मैच में बालक एवं बालिकाओं की अलग- अलग टीमों ने अपना- अपना प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में बालक वर्ग में हरियाणा ने राजस्थान को 19 एवं बालिका वर्ग में हरियाणा ने तमिलनाडु को 1 अंक के अंतर से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। इसके अलावा बालक वर्ग में महाराष्ट्र ने कर्नाटक को 8 एवं उप्र ने पंजाब को 12 अंको के अंतर से हराकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में हरियाणा की टीम विजेता तो उप विजेता राजस्थान रही। प्रतियोगिता में तृतीय स्थान महाराष्ट्र की टीम ने प्राप्त किया। इसी तरह बालिका वर्ग में विजेता हरियाणा व उप विजेता तमिलनाडु की टीम रही। तृतीय स्थान उत्तर प्रदेश की टीम ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विजेता, उप विजेता व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को कप शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में हरियाणा की टीम के बालक वर्ग में राहुल फोगाट एवं हरियाणा की ही टीम की बालिका वर्ग में स्नेहा जाखड़ को पुरस्कृत किया।

## कई एकड़ जमीन और नलकूप सहित पक्के घर में होने के बाद भी गरीबों की सूची में नाम जुडवाकर गरीबों के हक पर किया जा रहा है अतिक्रमण

सांईखेड़ा। शासन की योजनाओं में मनमानी करना शायद अधिकारियो का आदत में बनता जा रहा है और इसी का परिणाम है कि सरकार द्वारा गरीबों का उद्धार करने के उद्धेश्य से चलाई जा रही अनेक योजनाओं के बाद भी गरीबों की स्थिति जहां की तहां है ओर आपत्र जरूर धनवान बनने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? इस बात की सच्चाई नगर सहित जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में देखने मिल सकती है जहां पर बताया जाता है कि जिस तरह से गरीबी रेखा व अति गरीबी रेखा सूची में लापरवाही की गई है, उससे पात्र लोगों के नाम तो नही जुड़े नही है, किन्तु अपात्रों के नाम अवश्य जोड़ दिये गये है? जिसके चलते शासन की योजनाओं के चलते गरीबों को मिलने वाले हक का उपयोग अपात्र लोग आसानी से उठाते हुए देखे जा रहे है? वही दूसरी ओर वास्तविक पात्र हितग्राही रोजी रोटी की तलाश में भटकने के लिए मजबूर हो रहे है? यदि इस क्षेत्र की गरीबी व अतिगरीबी रेखा सूची पर गौर किया जावे तो अनेक गांवों में इस प्रकार के लोग मिल सकते है जिनके कई एकड़ खेतों में बने हुए नककूप्पों में मोटरे चल रही है और वह गरीबी रेखा की योजनाओं के हकदार बनते हुए शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए लाइनों में सबसे पहले दिखाई देते है?

डी.एस. इंटरप्राईजेज
कृषि उपकरण एवं मोटर सभी बेचे जाते है।
पाईप नोजल सेट तुरंत सब्सिडी काट कर दिये जा रहे हैं।
15 साल की गारण्टी के साथ
तुरंत आऐं तुरत ले जायें
गुर्जर काम्पलेक्स गाडरवारा मों 7987493180, 8816151552

अटूट विश्वास का भरोसा 100% हॉलमार्क ज्वेलरी शोरूम
अम्बाजी ज्वेलर्स
शुद्ध सोने चांदी के हॉलमार्क आभूषण के निर्माता एवं विक्रेता
नवीनतम आधुनिक डिजाइंस के साथ में
झंडा चौक गाडरवारा
प्रो. बसंत कुमार दीपक कुमार सोनी मों. 9826662790, 9826758890

सत्कार बजाज का धमाका ऑफर
अब pulsar मात्र ₹10000/- दस हजार रुपये
में घर ले जाएं
अब प्लैटिना मात्र ₹5000/- पांच हजार रुपये
सत्कार बजाज
PLATINA

## सतर्कता बरतने की ग्रामीणों को दी जा रही सलाह

# ग्राम बंजरा में बाघ की दस्तक से दहशत में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।





जिले में पिछले एक सप्ताह से छत्तीसगढ़ के जंगल से आए हाथियों का उत्पात कम नहीं हो रहा है। इसी बीच जिले के समनापुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम रंजरा में एक बाघ की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।जिसके बाद ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है।

एसडीओ वन सुरेंद्र जाटव ने बताया की टाइगर बसाहट क्षेत्र के नजदीक तालाब के पास बाघ सुबह से बैठा है। उसने वन ग्राम रंजरा निवासी चैन सिंह की एक गाय का शिकार किया है। ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है।जानकारी जुटाने में वन विभाग का अमला लगा है।वन परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण समनापुर रेवा सिंह परस्ते ने बताया कि संबंधित बाघ मंगलवार की रात को मंडला जिले कान्हा से मुरता गांव होते हाथिन नदी पार करके जिले के वन क्षेत्र रंजरा में दाखिल हुआ है।इसके बारे में अधिक जानकारी जुटाने में वन विभाग का अमला लगा हुआ है।इसके साथ ही क्षेत्र में मुनादी कार्रवाई जा रही है।बाघ की सुरक्षा हेतु भी दल तैनात किया गया है।

वहीं हाथियों के दल ने पश्चिम करंजिया वन परिक्षेत्र में आधा दर्जन मकानों को तोड़ने के साथ फसलों को भी क्षतिग्रस्त किया है।बताया गया कि चार हाथियों के दल ने वनग्राम सहजना में बुधवार की देर रात धान की फसल को नुकसान पहुंचाया था।किसान मोती पिता बिरसिह, जयलाल पिता बिरसिह,रामसिंह पिता दुखीराम, गेदसिह पिता समारु की फसल प्रभावित हुई है।हाथियों ने बोयरहा ग्राम में चार मकानों में तोड़फोड़ कर घर में रखे अनाज खाकर आवश्यक सामग्री जमीन पर बिखेर दिए।पीड़ित मकान मालिकों के नाम सोनवती दलसिंह,बैशाखू सिंह,मिट्ठू लाल ,रामदयाल बताया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### ड्रोन पायलट लायसेंस के प्रशिक्षण हेतु करें आवेदन

डिंडौरी। संचालनालय कृषि अभियान्त्रिकी के अधीन किसान ड्रोन के आवेदन ऑन डिमांड श्रेणी अन्तर्गत जल्द ही ई-कृषि यंत्र पोर्टल पर लिये जायेगें। अतः इच्छुक आवेदक ड्रोन संचालित करने हेतु अनिवार्य "ड्रोन पायलट लायसेंस" के प्रशिक्षण हेतु कौशल विकास इन्दौर के लिए तत्काल ही आवेदन कर सकते है। प्रशिक्षण हेतु प्रथम बैच 25 नवंबर 2024 से प्रारम्भ हो रहा है, प्रशिक्षणार्थियों का चयन प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर किया जावेगा। आवेदन हेतु ई-कृषि पोर्टल की वेबसाइट कइज.उचकंहम.वतह पर ऑनलाईन आवेदन कर सकेगे।

### शुक्रवार को आयोजित होगा रोजगार मेला

डिंडौरी, जिला रोजगार कार्यालय डिण्डौरी द्वारा 22 नवम्बर 2024 शुक्रवार को जिला रोजगार कार्यालय परिसर रेस्ट हाउस के नीचे डिण्डौरी में प्रातः 11 बजे से शाम 04 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।रोजगार मेले में एनआईआईटी, डॉ. रेड्डी फाऊंडेशन, शिव-शक्ति एग्रीटेक, एसआईएस कंपनियां सम्मलित होंगी। जो निजी क्षेत्र में असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स ऑफिसर, सिक्युरिटी गार्ड, सिक्युरिटी सुपरवाईजर आदि पदों पर भर्ती की जाएगी। चयनित आवेदकों योग्यता अनुसार वेतनमान दिया जाएगा। रोजगार मेले में 18 वर्ष से 35 वर्ष के आवेदक भाग ले सकते हैं। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग पदों के अनुसार 8वीं से स्नातक तक होगी। आवेदक अपने साथ आवेदन करने के लिए समस्त शैक्षणिक योग्यताओं की अंकसूची की मूल प्रतियां एवं छायाप्रतियां पासपोर्ट साइज फोटो के साथ आवश्यक दस्तावेज के रूप में लाएंगे। रोजगार मेले से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक 7987965116 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### एएसआई मानकर ने किया रक्तदान



डिंडोरी। अस्पताल चैकी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक अशोक मानकर ने तेरहवीं बार रक्त दान कर मानवता की मिशाल पेश की।

### बाल विवाह रोकने के लिए किया जा रहा जागरूक



डिंडोरी। कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशन में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत ग्राम सिमरिया में एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमरिया एवं पंचायत भवन में उपस्थित बालक द्व बालिकाओं एवं महिला द्व पुरुषों को अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह के दुष्परिणाम से अवगत कराया गया। बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पॉक्सो एक्ट 2012 एवं महिलाओं को वन स्टॉप सेन्टर (सखी) एवं महिला हेल्प लाइन 181 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्याम सिंगौर प्रशासक वन स्टॉप सेन्टर (सखी) श नीतू तिलगाम, विधिक सलाहकार स्मिता चैरसिया,केस वर्कर रितु खांडे एवं सुरक्षा कर्मी शिवी साहू उपस्थित रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ बाल आनंद मेले का आयोजन



शहपुरा - बुधवार को शहपुरा नगर के सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल आनंद मेले का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार की आकर्षक दुकानें लगाई गई मेले में बच्चों एवं उनके अविभावक गणों ने पहुंच कर मेले का आनंद लिया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### अतिक्रमणकारी ने बना दिया मकान

डिंडोरी। जिले की तहसील शाहपुरा अंतर्गत ग्राम बिछिया में विगत कुछ महीनो से राजनीतिक संरक्षण प्राप्त कर कुछ असामाजिक तत्वों जिसमें रमेश पिता बैसाखू निवासी ग्राम बिछिया द्वारा शासकीय रास्ता मद की भूमि में अतिक्रमण करते हुए बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा था जिस पर ग्राम के ही कुछ लोगों जिनमे प्रेमलाल पिता सुक्कू बगैरह द्वारा न्यायालय तहसीलदार शाहपुरा में विधिवत आवेदन देकर कार्य को तत्काल रोके जाने बाबत निवेदन किया गया माननीय तहसीलदार शाहपुरा द्वारा आवेदन पर सुनवाई करते हुए पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक को तत्काल मौके में पहुंचाकर उक्त अतिक्रमित भूमि का प्रतिवेदन मंगाया।

## हैप्पी सीडर से गेंहू की बुवाई के लिये किसानों को किया जा रहा प्रेरित

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी



वर्तमान में रबी वर्ष 2024-25 में बुवाई का कार्य प्रारंभ है एवं आधुनिक खेती में कृषि यंत्रों के बढ़ते महत्व को देखते हुए नवीन कृषि यंत्र विकसित किये जा रहे है। जिससे कृषक कम समय एवं लागत से अपनी आय बढ़ा सकते है। धान की पराली जलाने से वातावरण एवं मृदा को हानि होती है। जिससे मृदा में उपस्थित लाभदायक पोषक तत्व नष्ट हो जाते है। उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है। गेंहू की बुवाई के लिये कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने एवं आय बढ़ाने में हैप्पी सीडर मशीन सहायक है। इससे धान की पराली जलाने से छुटकारा मिलता है। पराली और डन्ठल के सड़ने से खेत में जैविक खाद की कमी पूरी हो जाती है। हैप्पी सीडर गेंहू की बुवाई करने वाली एक ऐसी मशीन है जो धान के डन्ठल को काटती एवं उखाडती है साथ ही साफ की गयी मिट्टी में गेंहू के बीज और खाद को एक साथ नालियों में डाल देती है। इससे मिट्टी की संरचना में सुधार के साथ मृदा अपरदन नियंत्रित होता है एवं मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि होती है।

### हैप्पी सीडर से बुवाई के लाभ

फसल अवशेष प्रबंधन एवं बुवाई का कार्य एक साथ किया जा सकता है। बुवाई के समय होने वाली सिंचाई की बचत तथा कटी नरवाई से मलचिंग होने से नमी का संरक्षण एवं खेत में खरपतवार की समस्या कम होती है जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होने के साथ साथ समय एवं श्रम की बचत होती है।

### हैप्पी सीडर मशीन से ऐसे करें बुवाई

हैप्पी सीडर मशीन रोटर एवं जीरो ड्रिल मशीन को मिलाकर तैयार किया गया बुवाई के काम के लिये उपयोगी कृषि यंत्र है। इसमें ब्लेड का एक लाईन लगा हुआ होता है, जो खेत में नरबाई को कटाने का कार्य करता है। इस नशीन में दो बॉक्स लगे होते है जिसमें एक में खाद एवं दूसरे में बीज रखे जाते हैं। इस मशीन में बीज की गहराई को कम या अधिक किया जा सकता है। इससे गेंहू के अलावा चना, मटर एवं मसूर की बुवाई भी की जा सकती है।

विकासखण्ड शहपुरा में ग्राम मुड़की में कृषक श्री राममिलन साहू के एकड़ खेत में एवं ग्राम शहपुरा के कृषक श्री हेतराम साहू के एकड़ खेत में हैप्पी सीडर द्वारा गेंहू की बुवाई की गयी है। ग्राम करौंदी, सुहगी, चरगांव, बिलगाव, बरगांव, बरोदी एवं पडरिया में भी गेहू की बुवाई का कार्य किया जाना है। हैप्पी सीडर की सहायता से फसलों के अवशेषों को खेत में ही उपयोग कर फसल अवशेष प्रबंधन ६ नरवाई प्रबंधन एवं बुवाई करने हेतु जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम का आयोजन कर कृषकों को प्रशिक्षण प्रदाय करते हुए जागरूक किया गया। उक्त प्रशिक्षण में वारलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया (बीसा) जबलपुर के प्रतिनिधि, विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी एवं कृषकगण उपस्थित रहे।



## नगर परिषद शहपुरा का कारनामा, यात्री प्रतीक्षालय के लिए छीना गरीब का आशियाना

हरिभूमि न्यूज शहपुरा।

डिण्डौरी जिले के शहपुरा नगर स्थित उमरिया नाका चैराहे के पास वार्ड नंबर 2 में राकेश गुप्ता अपने परिवार सहित मकान बनाकर कई वर्षों से रहते हुए अपने और परिवार के भरण-पोषण के लिए चाय-नाश्ते की दुकान चलाकर जीविकोपार्जन कर रहे थे।वहीं बुधवार को नगर परिषद, राजस्व विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए गरीब का आशियाना पल भर में ढहा दिया। हालांकि इसके पहले नोटिस भी जारी किया गया था। लेकिन सवाल यह उठता है कि यात्री प्रतीक्षालय निर्माण के नाम पर किसी गरीब का आशियाना और रोजी-रोटी छीनना आखिर कहां तक सही है।18 नवंबर को नगर परिषद शहपुरा द्वारा जारी किए गए नोटिस में उल्लेख किया गया था कि शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे की घोषणा के अनुरूप यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कार्य कराया जाना है। जिसके लिए यहां से अवैध अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। वहीं पत्र में यह भी कहा जा रहा है कि उक्त स्थान पर अवैध अतिक्रमण से यातायात प्रभावित हो रहा है। अब सवाल यह उठता है कि जब यातायात प्रभावित होने के कारण अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। तो फिर यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य करवाना कितना सही होगा। क्या इससे यातायात प्रभावित नहीं होगा।वहीं यदि शहपुरा में देखा जाए तो अनेकों अवैध अतिक्रमण पर न तो अभी तक राजस्व विभाग कोई कार्यवाही कर पा रहा है और न ही नगर परिषद।यहां तो सिर्फ और सिर्फ गरीबों पर ही सितम ढाया जा रहा है।



## महाविद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर छात्र - छात्राओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

मेहंदवानी ब्लॉक मुख्यालय में संचालित महाविद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं से त्रस्त छात्र छात्राएं नारेबाजी करते हुए बड़ी संख्या में कलेक्टर कार्यालय पहुँचे, कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि शासकीय महाविद्यालय मेहदवानी का नामकरण राजा शंकर शाह पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह के नाम से किया जाए। मुख्य मार्ग से महाविद्यालय तक पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए,पक्की सड़क न होने से छात्र छात्राओं को आवागमन में परेशानी हो रही है। साथ ही महाविद्यालय में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नही है, जल्द विद्यार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था की जाए। शासकीय महाविद्यालय परिसर में खेल मैदान का निर्माण कराया कराने के साथ ही महाविद्यालय में इतिहास विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति किये जाने की मांग की गई हैं, विद्यार्थियों ने बताया कि पहले भी मेहंदवानी तहसीलदार को उपरोक्त समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन आज दिनाँक तक मांगो के निराकरण हेतु पहल नहीं की गई हैं जिसके चलते मजबूर होकर छात्र छात्राएं कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँचे । इस दौरान छात्र घनश्याम मरावी,खुमानशाह मरावी, सजन सिंह,संजु कुम्हरे, शिव नारायन, संतोष सहित बडी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## मुख्य वन संरक्षक कमल अरोरा ने किया हाथी प्रभावित ग्रामों का दौरा





हरिभूमि न्यूज डिंडौरी

मुख्य वन संरक्षक जबलपुर श्री कमल अरोरा ने आज 20 नवंबर 2024 को हाथीयों के मूवमेंट से प्रभावित ग्राम बोयरहा, केन्द्राबहरा, इमलीटोला का दौरा किया। उन्होंने हाथियों के मूवमेंट के संबंध में निगरानी दल से जानकारी ली।

जिसमें बताया गया कि हाथियों का मूवमेंट लगातार क्षेत्र में हो रहा है। हाथियों के मूवमेंट पर निगरानी दल द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है। हाथियों के मूवमेंट पर ग्रामीणों को भी अलर्ट किया जा रहा है। मुख्य वन संरक्षक श्री कमल अरोरा ने प्रभावित ग्रामीणों से भी चर्चा की। उन्होंने प्रभावित फसल और क्षतिग्रस्त आवासों का निरीक्षण किया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हाथियों के मूवमेंट से जो भी नुकसान हुआ है उसका आकलन राजस्व टीम के साथ मिलकर करें। हाथियों के मूवमेंट पर बारीक नजर रखते हुए सभी ग्रामीणों को अलर्ट करते रहें।

दूरस्थ बने आवासों से ग्रामीणों को पक्के बने आवासों में सुरक्षित पहुचांना सुनिश्चित करें एवं राजस्व विभाग से समन्वय बनाकर प्रभावितों को तत्काल मुआवजा राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उक्त निरीक्षण के दौरान जिला वनमण्डल अधिकारी (सामान्य) श्री पुनीत सोनकर, वनमण्डल अधिकारी (उत्पादन) श्री हरिओम सिंह, आईएफएस प्रशिक्षु श्री बालासुब्रामण्यम, एसडीओ वन श्री सुरेन्द्र जाटव सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहपुरा में मनाई गई इंदिरा गांधी जी की जन्म जयंती



शहपुरा - जिसमें समस्त ब्लॉक पदाधिकारी, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, एस सी कांग्रेस, एवं समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण, मडलम अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बीएलए, सभी सम्मानित कांग्रेस परिवार ने तिलक बंदन कर सूत की माला पहनाकर सभी लोगो ने उनको याद करते हुये उनकी महानता के बारे में बताया गयाकार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे वरिष्ट मोहित लाल साहू जी कोसल ठाकुर जी सरपंच नान सिंह जी चेतन तिवारी जी संगठन मंत्री राजेन्द्र गुप्ता जी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री कृष्णा उरेति जी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय राय जी महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नजराना खान जी किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रेवा झारिया जी जिला प्रवक्ता रघुनदन पांडे जी सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष संजय दुबे जी खेल प्रकोष्ठ फरीद खान जी इकवाल खान जी पार्वती शर्मा जी एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शहपुरा तहसील ने सी एम हेल्पलाइन निराकरण में दूसरी बार भी हासिल की ए-ग्रेड




हरिभूमि न्यूज शहपुरा - डिंडोरी कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशन एवं एसडीएम के मार्गदर्शन में शहपुरा तहसील में आमजन की स्थानीय समस्याओं के उचित निराकरण के लिए 181 के माध्यम से जनता द्वारा सीएम हेल्पलाइन की जाती है। शासकीय अधिकारियों द्वारा इन शिकायतों के निराकरण में किए गए परफॉर्मेंस के आधार पर प्रतिमाह रैंकिंग जारी होती है। 20 नवम्बर को जारी हुई राजस्व विभाग की ताजा रैंकिंग में तहसील शहपुरा ने शिकायतों के 88.96 प्रतिशत निराकरण के साथ दूसरी बार भी ए-ग्रेड हांसिल की है। बता दें कि शहपुरा तहसील इस माह भी ए-ग्रेड हासिल कर जिले में राजस्व विभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शहपुरा तहसीलदार पुष्पेन्द्र पंद्रे और नायब तहसीलदार शैलेष गौर ने तहसील की इस सफलता का श्रेय तहसील के आनंद डेहरिया ,पटवारियों एवं ऑफिस स्टॉफ द्वारा लगातार की गई मेहनत को दिया।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOW AS **SIMRANBEN NARENDRASINH PARMAR** AFTER MARRIAGE I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, AND SHALL BE KNOW AS **SIMRAN DEEPESH SHAH** W/O DEEPESH SHAH RESIDENT OF - H. NO. 297, NARSINGH WARD NAGPUR ROAD, MADAN MAHAL, HUNDIA SHOWROOM KE SAMNE, JABALPUR (M.P.) 482001.

### ब्रह्माकुमारी किसान अध्यात्मिक सम्मेलन का आयोजन

# जैविक खेती को प्रोत्साहित करने की जरूरतः मंत्री श्री पटेल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बुधवार को प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल स्वच्छ, स्वर्णिम, समृद्ध भारत निर्माण के लिए किसान आध्यात्मिक सम्मेलन भारतीय कृषि दर्शन एवं सम्पूर्ण ग्राम विकास कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नरसिंहपुर के तत्वावधान में पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व नपा अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, जिला वन समिति के अध्यक्ष देवी सिंह पटेल, ब्रह्माकुमारी राजयोगी भ्राता राजेन्द्र भाई, राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी कुसुम दीदी, मिट्टी परीक्षण अधिकारी आरएन पटेल, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विशाल मेश्राम व डॉ. आशुतोष शर्मा, अन्य जनप्रतिनिधि, ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नरसिंहपुर के पदाधिकारीगण, गणमान्य नागरिक और जिले के कृषक गण मौजूद थे।




#### प्राचीन परम्परा से होती थी खेती

कार्यक्रम में मंत्री श्री पटेल ने कहा कि यह मेरे लिए अच्छा दिन है कि अनुभवी व्यक्तियों के बीच अनेक अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि जब वे 10 साल के थे, उस समय सोयाबीन की फसल उपजाने की शुरुआत गोटेगांव तहसील में हुई थी। मेरे पिताजी खेती करते थे। कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उनके पास आकर सलाह देते थे। मंत्री श्री पटेल ने अपने आराध्य व पूज्य गुरु श्री श्री बाबा श्री की सीख और अनमोल वाणी याद करते हुए बताया कि यह देश कृषि प्रधान नहीं, बल्कि ऋषि प्रधान देश है। इसी परंपरा के आधार पर हम कृषि करते थे। ऋषि परम्परा के पुराने अनुभव को बताते हुए कहा कि एक किसान जिसकी माली हालत ठीक नहीं थी। उसके द्वारा खेत से गाय नहीं भगाये जाने पर किसान द्वारा यह कहना कि जितना अधिकार मेरे बच्चों को खाने पर है उतना ही अधिकार मेरे खेत में गौमाता का भी है।

#### जैविक खेती को दें बढ़ावा

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि हमें रसायनिक खाद का उपयोग करने की बजाय जैविक खेती करनी चाहिये। यह वर्तमान की आवश्यकता है यदि गाय का गौमूत्र व गोबर नहीं होगा, तो आप जैविक खेती नहीं कर सकते। इसके लिए उन्होंने गौ रक्षा व गौ पालन में स्वअनुशासन की बात की। उन्होंने कहा कि जब वे पूरे देश में कहीं भी जाते थे, तो अपने जिले की तारीफ करते थे कि हमारे यहां का किसान कभी गौवंश को बाहर नही छोड़ता था। लेकिन पिछले 10- 15 साल से हम इस परम्परा निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं। गौमाता की रक्षा हम सब की जिम्मेदारी है। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि सिंचाई की सुविधा होनी चाहिये, लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि कौन सी फसल उगाई जाये।

#### किसानों को किया सम्मानित

फसलों के अधिक उत्पादन के लालच ने हमको गलतियां करने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने खेती में फसल में पानी की अधिक मात्रा से भविष्य में जलस्तर पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि आज मोटे अनाज को आदर्श भोजन के रूप में पूरे विश्व में स्वीकारा जा रहा है। ज्वार, बाजरा, कुटकी, रागी व कोदो जैसे मोटे अनाज को कम पानी की जरूरत होती है। मोटे अनाज उगाने की ओर विचार कर हमें इस ओर बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि जैविक खेती व प्राकृतिक खेती से उत्पादन होने वाले अनाज के प्रमाणीकरण आज भी चुनौती है जिसका मूल्यांकन के लिए प्रत्येक जिला स्तर पर लेब की आवश्यकता है। आज भी जिले के ग्राम कलमेटा हार में रसायनिक व कीटनाशक उर्वरकों का उपयोग नहीं होता है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके पहले मंत्री श्री पटेल व पूर्व राज्यमंत्री श्री पटेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मंत्री श्री पटेल ने प्राकृतिक खेती करने वाले जिले के किसानों को शाल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### खबर संक्षेप



## जिला स्तरीय महाविद्यालीय महिला खो खो प्रतियोगिता का आयोजन

**गोटेगांव।** शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय गोटेगांव की छात्रा कु जयंती यादव बी.ए द्वतीय वर्ष का महाविद्यालयीन खो खो टीम में नरसिंहपुर जिले के दल में चयन 19 नवंबर दिन मंगलवार को जिला स्तरीय महिला महाविद्यालय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन नरसिंहपुर के ऑफिसर्स क्लब खो खो मैदान में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जिले के सभी शासकीय महाविद्यालयों के क्रीड़ा अधिकारियों एल एन रजक,डॉ.प्रहलाद पटेल,अर्पित सक्सेना, पिंटू दास,प्रशांत विश्वकर्मा,करीम खान, जगदीश सिंह ने मैदान का पूजन कर खो खो प्रतियोगिता शुभारंभ की घोषणा की,प्रतियोगिता में जिले के 6 महाविद्यालयो की टीम ने भाग लिया जिस में शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय गोटेगांव की छात्रा कु जयंती यादव बी.ए द्वतीय वर्ष का महाविद्यालयीन खो खो टीम में नरसिंहपुर जिले के दल में चयन हुआ है, यह टीम संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करने कटनी जिला जायेगा, महाविद्यालय की छात्रा कु जयंती यादव के चयनित होने पर महाविद्यालय जन भागीदारी समिति अध्यक्ष विनोद तिवारी. प्राचार्य श्रीमती अन्नपूर्णा कोष्ठा, रुक्मणि अहिरवार, क्रीड़ा अधिकारी डॉ सुरेश मिश्रा, डॉ शिल्पा चौकसे,डॉ सुजाता कोरी, डॉ एकता उपाध्याय,संदीप राजपूत, राजेश पटेल,अंचल सोनी,उमाकांत राजपूत,रंजीत घोषी ने बधाई दी।

## मंत्री श्री पटेल ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर 2024- 25 के अनुसार संभाग स्तरीय अंतर जिला फुटबॉल महिला प्रतियोगिता में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह जी पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व नपा अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।



उन्होंने सभी खिलाड़ियों एवं कोच मैनेजर को बैग देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें शुभकामनायें दी। संभाग स्तरीय अंतर जिला फुटबॉल महिला प्रतियोगिता का आयोजन पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में संपन्न हुआ। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अर्पित सक्सेना द्वारा बताया कि नरसिंहपुर के इतिहास में महाविद्यालय द्वारा पहली बार महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में जबलपुर और नरसिंहपुर जिले की टीम ने सहभागिता की। प्रतियोगिता का फाइनल मैच नरसिंहपुर और जबलपुर जिले के मध्य खेला गया, जिसमें जबलपुर 3-0 से विजयी रहा। जबलपुर की तरफ से पार्वती, आयुषी और अनुष्का द्वारा एक- एक गोल किया गया। प्रतियोगिता उपरांत विश्वविद्यालय टीम का गठन किया गया। मुख्य चयनकर्ता के रूप में एलएन रजक, डॉ राजेश ठाकुर, डॉ महिपाल सिंह द्वारा खिलाड़ियों को चयनित किया गया। यह टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 28 नवंबर को छिंदवाड़ा में सम्मिलित होगी और पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय खेलने के लिए दिसंबर माह में कोटा राजस्थान के लिए प्रस्थान करेगी।

## युवती ने लगाई फांसी, मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशनगंज की सिंहपुर चैकी क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा निवासी युवती द्वारा अज्ञात कारणों से अपने ही घर पर चुनरी से फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई जिसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस शव को कब्जे मे लेकर मर्ग प्रकरण तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।



## भागवत कथा सुनने से मिलता है मोक्षः कथा व्यास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय जगन्नाथपुर विधानसभा तेन्दुखेड़ा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में कथा व्यास परम पूज्य संत महामंडलेश्वर श्री अतुलेश्वरानंद जी महाराज के मुखारविन्द से अमृतमयी भगवान की कथा का रसपान कराया जा रहा है जिसमे बताया गया कि भगवान की कथा पापों से मुक्त कर श्रेष्ठ मानव बनाने तथा मोक्ष प्रदान कराती है। इसी क्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, नर्मदापुरम सांसद चै.दर्शन सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष इंजी. अभिलाष मिश्रा, श्रीमति निशा सोनी, रमेश पटेल सहित भाजपाजन सम्मलित हुए और कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी जनता उपस्थित रही। उक्त कथा 24 नवंबर तक चलेगी आयोजन समिति द्वारा लोगा धर्म लाभ लेंने की अपील की है।

## धोखाधड़ी का आरोप, एसपी से की शिकायत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पीड़ति ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग की गई। आवेदन मे बताया गया है कि पीड़ति घंसौर के ग्राम छीतापार का निवासी है। शिकायतकर्ता भागचंद विश्वकर्मा का आरोप है कि विजय कुमार ठाकुर, निवासी ऊसरी थाना मुंगवानी ने धोखाधड़ी करते हुए उनका ट्रैक्टर हड़प लिया और फाइनेंस बैंक की किस्तें भी नहीं भरी। पीड़ति ने बताया कि उन्होंने सोनालिका कंपनी का ट्रैक्टर कोटक महिंद्रा बैंक से फाइनेंस करवाया था। विजय ठाकुर ने 24 जनवरी 2024 को ट्रैक्टर किराए पर लेने के लिए कहा और 40,000 रुपए प्रतिमाह किराया देने का वादा किया, जिसमें से 20,000 रुपए बैंक की किस्त में जमा करने की बात कही थी। लेकिन ट्रैक्टर ले जाने के बाद से विजय ने न तो किराया चुकाया और न ही किस्तें जमा की। भागचंद ने बताया कि किस्तें न भरने के कारण उनका ऋण खाता एनपीए हो गया है। फाइनेंस कंपनी लगातार ऋण चुकाने का दबाव बना रही है। उन्होंने विजय ठाकुर से कई बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वह गाली-गलौज और धमकियां देकर ट्रैक्टर की जानकारी देने से इनकार कर देता है। 16 अगस्त 2024 को विजय ने करेली में स्टाम्प पर लिखित में आश्वासन दिया कि वह 18 अगस्त को ट्रैक्टर लौटाएगा और बकाया किराया भी देगा। लेकिन इसके बावजूद न तो ट्रैक्टर वापस किया गया और न ही कोई भुगतान किया गया। भागचंद ने पुलिस से विजय ठाकुर के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज करने की मांग की है।



## एक करोड़ की लागत से बनीं हाईस्कूल की बिल्डिंग गारंटी के पहले ही होने लगी धराशायी







**तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां शासन शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और भवनों को गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में आये दिन नये नये तौर तरीके अपना रहे हैं वहीं दूसरी तरफ चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सर्रा का हाईस्कूल जो कि नवम्बर 2020 में ही लगभग एक करोड़ की लागत से बनाया गया था लेकिन अभी इसकी गारंटी ही पूरी नहीं हुई और भवन जहां तहां से धसकने के साथ दीवारें दरकने लगी है और छात्रों को सुविधा की दृष्टि से बनायें गये टायलेट उपयोग विहीन खंडहर स्थिति में पड़े हुए हैं। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों और पी आई यू के अधिकारियों इंजीनियर को मौके का मुआयना करवा कर वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया जाने के बाद भी आज तक कोई उचित व्यवस्था नहीं हो पाई है। गौरतलब रहे कि छात्रों की सुविधा की दृष्टि से यहां 2020में हाईस्कूल का नया भवन बनाया गया था। इस विद्यालय में 56छात्र कक्षा नवमी दसवीं में सर्रा बंधी खेरुआ से आकर अध्ययन करते हैं।शुभारंभ के पूर्व से ही इसकी गुणवत्ता को लेकर सवालिया प्रश्न चिन्ह लगना शुरू हो गये थे लेकिन ध्यान नहीं दिये जानें की स्थिति में आज यह भवन छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ ही साबित हो रहा है।

#### धरातल से नीचे जमीन खोदकर बनाई थी बिल्डिंग

भवन के निर्माण कार्य मुख्य सड़क मार्ग से लगभग दस फुट नीचे से जमीन खोदकर यह भवन तो बनाया गया लेकिन नीचे से नींव मजबूत ना होने की स्थिति में अब यह भवन मुसीबत बनता जा रहा है। स्थिति यह बनीं हुई है कि बरसात का पानी चारों तरफ से भवन परिसर में भरता है छात्रों और शिक्षकों को आने जाने में परेशानी होती है।गाजर घास का बोलबाला है।

#### हो रहा है अतिक्रमण

भवन के लिए खसरा नंबर 76/1/1/1 एवं 76/1/2 के तहत लगभग दस एकड़ से भी अधिक जमीन उपलब्ध काराई गई थी लेकिन आज की स्थिति में अतिक्रमण पसरता चला जा रहा है। जहां लोग अपने आवास बनाते चले जा रहे हैं वहीं खेल ग्राउंड की कुछ जमीन पर भी अतिक्रमण के चलते फसलें उगाई जा रही है। वहीं भवन की बाउंड्री वॉल ना होने के कारण असामाजिक तत्वों द्वारा शाम के समय यहां पर बैठकर शराब खोरी की जाती है तथा खाली वाटल पानी पाउच के साथ गंदगी फैला कर चले जाते हैं सुबह जब शिक्षक और छात्र आते हैं तभी साफ सफाई करने के बाद भीतर जाते हैं।

#### डाली गई थी घटिया सामग्री

आंख मूंदकर हेंडोबर हुए इस विद्यालय में छात्रों को पानी की व्यवस्था तथा टायलेट में लगाई गई घटिया सामग्री उपयोग में ही नहीं आ रही है।पिलम्बर और टाइल्स जहां तहां से अपनी जगह छोड़ने लगे हैं। यहां तक कि विकलांग छात्रों को अलग से बने टायलेट उपयोग में किये बगैर ही काम के नहीं बचे वहीं अन्य टायलेटो की स्थिति तो और भी गंभीर स्थिति में पहुंच गई है।अप्रिय घटना दुर्घटना और सुरक्षा की दृष्टि से छात्रों को यहां पर जाने ही नहीं दिया जाता है।

#### मिडिल स्कूल की स्थिति भी जर्जर

विसंगति के बीच मिडिल स्कूल भी गंभीर स्थिति में पहुंच गया है।इस भवन में 98 छात्रों को बैठने के लिए पर्याप्त जगह भी नहीं है ऊपर से छत की छाप भी अपना स्थान छोड़कर नीचे गिरने लगी है। हाईस्कूल का भवन बनने के पूर्व इसी विद्यालय में हाईस्कूल के छात्र बैठते थे उसी मान से सामग्री की खरीददारी की गई थी बिल तो पर्याप्त लगें हुए हैं लेकिन सामग्री पूरी नहीं दिख रही है यहां पर यह विषय भी चार्ज को लेकर अटका पड़ा हुआ है

#### इनका कहना है

हां वहां के प्राचार्य से शिकायत आई थी मैंने स्वयं संबंधित ठेकेदार को साथ ले जाकर वस्तुस्थिति को देख लिया है और ठेकेदार से शीघ्र काम कराने के लिए वोला है लेकिन अभी लेवर की समस्या का हवाला देकर काम शुरू नहीं किया है। मैं इसको प्राथमिकता से करवाता हूं।

**इं सौरभ गहलोत**
**इंजिनियर पी आई यू**

## स्व. मुशरान को दी गई श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पूर्व वित्त मंत्री म. प्र. शासन स्व. कर्नल अजय नारायण मुशरान की जयंती के अवसर पर एम.आई.एम.टी. कॉलेज द्वारा भावांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पं. मैथिलीशरण तिवारी, मनोहर लाल साहू, डॉ. सुधीर सिंघई एवं मनोहर हींगडे द्वारा कर्नल मुशरान का पुण्य स्मरण करते हुये उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। चेयरमैन इंजी. रुद्रेश तिवारी द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। भावांजलि कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार अजय तुलसी एवं डॉ. पराग नेमा द्वारा तथा आभार प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग द्वारा किया गया। इसके पूर्व स्थानीय मुक्तिधाम स्थित स्व. कर्नल मुशरान की समाधि स्थल में पुष्पांजलि सभा एवं मौन श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया तथा एन. सी. सी. दल द्वारा सलामी दी गयी। इस अवसर पर दुलीचंद नेमा, राजेन्द्र मनोहर तिवारी सहित एम. आई. एम. टी. स्टाफ मेंबर्स, एन. सी. सी केडिट्स एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति

## जैन समाज ने आर्यिका संघ की भव्य आगवानी की



**गोटेगांव।** बुधवार को जैन आर्यिका माता जी का ससंघ आगमन हुआ,जैन समाज ने आर्यिका संघ की मानेगांव तिराहा एवं टेलिफोन एक्सचेंज के पास पहुंचकर भव्य आगवानी की।नरसिंहपुर में चातुर्मास उपरांत माता जी ससंघ का गोटेगांव आगमन हुआ है,संघ में 105 आर्यिका अनंत मति माताजी, आर्यिका शुक्ल मति माता जी, आर्यिका संवेग मति माता जी, आर्यिका शोधमति माताजी, आर्यिका सुशील मति माताजी, आर्यिका सुशुद्ध मति माताजी, आर्यिका उदामति माताजी, आर्यिका संतुष्ठ मति माताजी,शामिल हैं,नगर सीमा से अपार जनसमूह के जयकारे,गाजे बाजे, के साथ जुलूस के रूप में माता जी का संघ श्री1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर पहुंचा। यहां चातुर्मास के लिए विराजमान निर्यातक मुनि श्री 108सम्भव सागर जी महाराज एवं अन्य मुनिराज की वंदना कर नमोस्तु करते हुए सभी आर्यिका माता जी ने आशीर्वाद लिया। आपको बतादें कि गोटेगांव में 01 दिसम्बर से पंचकल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन होना है,नगर में विराजमान मुनि संघ के साथ ही आर्यिका माता जी के आगमन से जैन समाज हर्षोल्लास के साथ धार्मिक गतिविधियों में बढ़चढ़ कर उपस्थिति देते हुए पुण्य लाभ अर्जित कर रही है।संघ में गृहस्थ अवस्था में गोटेगांव निवासी,नगर गौरव 105 आर्यिका संवेग मति माता जी भी शामिल हैं।

## कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री के बड़े भाई सरदार सिंह पटेल

**बगासपुर में भगवती मां सिंह वाहिनी की प्राण प्रतिष्ठा मूर्ति स्थापना हुई**

**गोटेगांव** तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम बगासपुर में आज भगवती मां सिंह वाहिनी मंदिर में मूर्ति स्थापना का आयोजन किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में आज बगासपुर में नागपुर द्वारा ढोल नगाड़े एवं माता महाकाली की झांकी प्रस्तुत की गई जिसमें की ग्राम बगासपुर एवं आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे जहां मां भगवती सिंह वाहिनी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा स्थापना की गई वहीं श्रद्धालु द्वारा मां भगवती के मंदिर में फूल माला एवं मां भगवती को भोग प्रसाद अर्पित कर सभी श्रद्धालुओं को भंडारा का आयोजन किया गया रात्रि में सुप्रसिद्ध गायक मनीष अग्रवाल द्वारा देवी गीत का आयोजन किया गया जिसमें की बड़ी संख्या में देवी गीतों का भक्तिमय देवी गीतों का आनंद में हो गया पूरा पंडाल जहां जय शेरावाली जय करो के साथ पूरा पंडाल जय करो में गूंज उठा वही आयोजन कार्यकर्ता करता बताते हैं कि यह जो मंदिर आज जहां जगत जननी मां भगवती की प्राण प्रतिष्ठा स्थापित मूर्ति की गई है मंदिर में आयोजन करता राजेश चौधरी बताते हैं कि मां सिंह वाहिनी का आशीर्वाद स्वरुप में यह मंदिर मिला है इस अवसर पर हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।



## गोटेगांवखेड़ा को मिली नरसिंहपुर जिले की पहली बाल सरपंच आफरीन

### विश्व बाल सप्ताह पर हुआ भव्य बाल सभा का आयोजन

**गोटेगांव।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोटेगांवखेड़ा में बाल अधिकार सप्ताह(14-20 नवंबर) इस साल का विषय 'भविष्य की सुनो' हैं। विश्व बालदिवस पर यूनीसेफ के इस वर्ष के विषय भविष्य की सुनो पर आधारित थीम पर गोटेगांवखेड़ा को नरसिंहपुर जिले की पहली बाल सरपंच मिल गई है आज इस ऐतिहासिक क्षण के प्रतिभागी गोटेगांवखेड़ा के ग्रामसभा सदस्यों के साथ पहली बार गांव के दस वर्ष से लेकर अठारह वर्ष तक के बच्चे भागीदार बनें एवं विश्व बाल दिवस के विषय भविष्य के सुनो को साक्ष्य किया। बाल हितैषी पंचायत बनने की ओर अग्रसर ग्राम पंचायत गोटेगांवखेड़ा में बाल सरपंच का चुनाव एक नियमावली के अनुसार हुआ जिसमे बालसभा में उपस्थित लड़कियों से स्वतंत्र तौर पर पूछा गया की आप में से गांव की बाल सरपंच जो बनना चाहती है वो अपने नाम से पर्ची लिख कर प्रस्तुत करें इसके बाद गांव की सबसे कम उम्र की उपस्थित लड़की के द्वारा पर्ची उठाकर बाल सरपंच का नाम गांव की सरपंच प्रियंका के द्वारा घोषित किया गया जो की 10 वीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा आफरीन बनी। बाल सरपंच को चुनने की इस प्रक्रिया को ग्राम वासियों ने सराहा एवं सहयोग किया। बाद में गांव के उपस्थित सबसे ज्यादा उम्र के बुजुर्ग महिला एवं पुरुष के द्वारा औपचारिक तौर पर चुनी गई बाल सरपंच को पगड़ी पहनाकर बाल सरपंच की शपथ दिलवाई गई। बाल सरपंच कुमारी आफरीन द्वारा हाथ उठाकर बाल सभा का औपचारिक तौर पर शुरू करने की घोषणा की गई इसके बाद पाल सभा में उपस्थित लड़के व लड़कियों ने बच्चों के हित के कार्यक्रम जो कि ग्राम पंचायत के द्वारा करवाए जाने चाहिए स्वतंत्र रूप से बाल सभा में रखें। बाल सभा में उपस्थित बाल सभा के सदस्यों ने गांव में बाल हितैषी बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के सुझाव रखे जिनमें से मुख्यतः गांव में बच्चों के लिए लाइब्रेरी होना, खेलने के लिए स्टेडियम होना, कंप्यूटर सेंटर तथा गांव में दसवीं से बारहवीं तक का स्कूल अपग्रेड कराने की मांग रखी। इसके बाद बाल सभा की सभी सदस्यों ने हाथ उठा कर इन सभी कार्यों पर अपनी सहमति प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में औपचारिक तौर पर बाल सभा द्वारा प्रस्तावित कार्यों को लिखित तौर पर सरपंच आफरीन जी पर गांव की सरपंच को सौपा गया तथा सरपंच प्रियंका द्वारा घोषणा की गई कि हर महीने बालसभा को तीन हजार रुपए खर्च करने के लिए ग्राम पंचायत की तरफ से नियमानुसार दिए जाएंगे तथा भविष्य में होने वाली सभी ग्राम सभाओं में बालसभा के सरपंच इसके सदस्यों को आमंत्रित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तकनीकी सहायता के लिए सरपंच प्रियंका द्वारा यूनीसेफ की टीम को धन्यवाद किया गया तथा इस कार्यक्रम में यूनीसेफ भोपाल की तरफ से पूजा सिंह व सुनील जागलान उपस्थित रहे।

